## आज का राशिफल
### 03 मार्च 2024

मेष : जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

वृष : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

कर्क : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी।

सिंह : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे।

कन्या : व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहे। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

तुला : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

वृश्चिक : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।

धनु : स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

मकर : अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

कुंभ : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

मीन : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

## बीएयू में एग्रोटेक मेला के उदघाटन पर बोले केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा
# कृषि क्रांति में पारिस्थितिकी संतुलन पर बल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा है कि देश में दूसरी हरित क्रांति संबंधी वैज्ञानिक प्रयासों में पारिस्थितिकी संतुलन और मिट्टी के टिकाऊ स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जायेगा। श्री मुंडा शनिवार को एग्रोटेक मेला का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक जीवन व्यवस्था से न्यूनतम छेड़छाड़ करते हुये कृषि उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने का प्रयास होगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जीवन पद्धति और भारतीय मिप्ती में बहुत ताकत है। इस ताकत और यहां की मिप्ती में उपलब्ध पोषक तत्वों को बचाए रखने के लिए सजगता के साथ अगली कृषि क्रांति के लिए सबको काम करना होगा। पहली हरित क्रांति के फायदे मिले किंतु हम यह ध्यान नहीं रख पाए कि रासायनिक उर्वरकों के ज्यादा प्रयोग से मिप्ती को कितना नुकसान हुआ और आने वाली पीढ़ी के लिए हम मिप्ती को उसके प्राकृतिक स्वरूप में संरक्षित रख पाये या नहीं। जहां हमारा उदर भर रहा है वहीं बीमारियां भी आ रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने



झारखंड को पूरा सम्मान देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत बिरसा भगवान की जन्मस्थली और उलिहातू से की तथा जंगलए पहाड़, पठार में रहनेवाले देश के 75 प्रिमिटिव ट्राइब्स के संरक्षण के लिये 24000 करोड़ रु की योजना जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान की शुरूआत झारखंड से की। झारखंड के सभी 32 हजार गांवों के लिये मृदा स्वास्थ्य कार्ड बने, इसमें बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को अग्रणी भूमिका निभानी है। सांसद संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आदिवासी समाज से द्रौपदी मुर्मू के रूप में पहला राष्ट्रपति और अर्जुन मुंडा के रूप में पहला कृषि मंत्री देने का यशस्वी कार्य किया। बीएयू के 40 किलोमीटर रेडियस में सब्जी और फल उत्पादन का बड़ा क्षेत्र है जहां से पड़ोसी राज्यों के अलावा मुंबई और कर्नाटक तक उत्पाद जाते हैं। बागवानी के क्षेत्र में यहां की संभावनाओं का समुचित उपयोग होना चाहिये। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ हिमांशु पाठक ने कहा कि झारखंड बागवानी, पशु उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में एक बड़े हब के रूप में उभर सकता है। इसके उत्पादों की मांग देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होगी। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की गतिविधियां और उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। विधायक समरी लाल ने कहा कि कांके बड़ा कृषि उत्पादक क्षेत्र है। एग्रोटेक मेला में बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयोंए आईसीआर के संस्थानों, बीज, उर्वरक के निमार्ताओं, सरकारी विभागों, बैंकों तथा स्वयंसेविक संगठनों ने 130 स्लॉट में अपनी प्रौद्योगिकीए उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित किया है। आयोजन में राज्य के सभी 24 जिलों के किसान अच्छी संख्या में भाग ले रहे हैं।

## सदर हॉस्पिटल में पहली बार टेप विधि से हर्निया का ऑपरेशन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राजधानी रांची के सदर हॉस्पिटल में पहली बार टेप विधि से हर्निया का ऑपरेशन किया गया है। इसके साथ ही मार्च महीने की शुरूआत में सर्जरी विभाग ने एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। टेप विधि (टोटली एकस्ट्रा पेरिटोनियल) द्वारा इंगुइनल हर्निया का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों का ऐसा मानना है कि झारखंड के किसी भी सदर अस्पताल में यह पहली बार इस तकनीक से आपरेशन किया गया है। इस विधि में बिना पेट के अंदर गये, पेट की दीवार की परतों के बीच जगह बनाकर, हर्निया की थैली को छुड़ा कर उसे काट कर बांध देते है। इसके बाद प्रोलिन जाली बिछा दी जाती है।

**ब्लीडिंग की कम संभावना**

डॉ अजीत ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया तीन अत्यंत छोटे छेदों के द्वारा की गई। इस विधि के अनेक फायदे हैं, जैसे कि आपरेशन के बाद ब्लीडिंग नहीं के बराबर होता है। दर्द बहुत कम होता है। इसके अलावा मरीज अपने दिनचर्या में बहुत जल्द (2-3दिनों में) वापस लौट जाते हैं। इतना ही नहीं चीरा का कोई दाग नहीं रहता है। दोबारा हर्निया होने का खतरा बहुत कम होता है। अत्याधुनिक लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के लिए हाई स्किल की जरूरत होती हैं। उन्होंने बताया कि आम तौर पर निजी और कारपोरेट अस्पतालों में संपन्न मरीज ही इसे करवाते हैं। अमूमन यह ऑपरेशन महंगी होती है।

**हर्निया से परेशान था मरीज**

राजधानी के कोकर के रहने वाले 46 वर्षीय जय किशुन यादव काफी लंबे समय से दाहिने तरफ हर्निया से परेशान थे। उनके पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं था। इसके बावजूद सदर में ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। आपरेशन करने वाली टीम में लेप्रोस्कोपीक सर्जन डॉ अजीत कुमार, एनेस्थिसिया के डॉ दीपक, डॉ विकास वल्लभ, ओटी स्टाफ सरिता, शशि, लखन, सुशील, मुकेश, पूनम शामिल थे।

## जागरूकता रथ से पिछड़ा वर्ग को जगाया जायेगा : ब्रम्हदेव प्रसाद

### 10 मार्च को राजधानी में होगा पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच का महासम्मेलन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जागरूकता राथ के माध्यम से पिछ्ड़ा वर्ग को राजनैतिक,आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से जगाया जाएगा। ये बातें शनिवार को मोराबादी मैदान से जागरूकता रथ रवाना करते एकता अधिकार मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहीं। उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ के माध्यम से गांव स्तर मे जाकर पिछड़ा वर्ग के वंचित, शोषित, पीड़ित भाईयो को राजनैतिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से जगाया जाएगा एवं जब तक सरकार हमारी 11 सूत्री मांग नहीं मानती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। आगे उन्होंने कहा कि पछड़ा समाज को राजनैतिक रूप से जागने की आवश्यकता है।सभी



सरकारों ने ओबीसी समाज को ठगने का कार्य किया है, सरकार से यह मांग करता हूं कि राज्य के अंदर जो नगर निकाय चुनाव होना है,उसमें पिछड़ा समाज का आरक्षण निर्धारित करते हुए चुनाव करें ताकि पिछड़ा समाज के महिलाए व युवा चुनाव में भाग ले सकें। हमारी एकता से घबरा कर र सरकार जातीय जनगणना करने को तैयार है। जिसकी जितनी आबादी है उतने हिस्सेदारी सरकार में भी मिलनी चाहिए। इसे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत बापू वाटिका में मौजूद महात्मा गांधी कि प्रतिमा पर माल्यर्पण कर किया गया। इस मौके पर सकुंतला जायसवाल, छोटेलाल साहू, विजय साहू, वरुण विहारी यादव, गोरखनाथ यादव, राजीव जायसवाल, राकेश गुप्ता, कपिल देव रावत, विमलेश कुमार, नवजीवन यादव, सहित सैकड़ो ओबीसी के सदस्य मौजूद थे।

## डीएवी हेहल में प्रवेश परीक्षा 16 व 30 को

**रांची।** डीएवी हेहल में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए कक्षा 11वीं के विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राचार्य एसके मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई से 10वीं की परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 16 मार्च को और आईसीएसई व अन्य बोर्ड से परीक्षा लिखने वाले छात्रों के लिए प्रवेश परीक्षा 30 मार्च को विद्यालय में आयोजित की जाएगी। फॉर्म और आवेदन शुल्क की जानकारी स्कूल क`वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदक को पंजीयन प्रपत्र की हार्ड कॉपी विद्यालय के कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा। पंजीयन प्रपत्र के सत्यापन के उपरांत ही प्रवेश-पत्र निर्गत किया जाएगा तथा छात्र प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

## सेवानिवृत्त दिवस समारोह का आयोजन

**रांची।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, 40 वाहिनी की ओर से सेवानिवृत्त दिवस समारोह का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम में गुवाहाटी पूर्वी कमान के उप महानिरीक्षक प्रभाद कुमार मिश्रा, सोनानी अनंत नारायण दत्ता शामिलहुए। सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी समस्याएं रखीं। उन्हें आश्वासन दिया गया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## गांधी शिल्प बाजार मेला का उद्घाटन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाईटी, राँची, सामाजिक संस्था द्वारा डीएवी कपिलदेव मैदान कडरु में गांधी शिल्प बाजार का आयोजन विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहायता से किया जा रहा है। इसका उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ ने किया। इस मेला का मुख्य आकर्षण- टेराकोटा, डोकरा, बांस बेत फर्नीचर जुट द्वारा निर्मित वस्तुएं, लखनवी चिकन, शांतिनिकेतन का हस्तशिल्प, कार्पेट, दरी, मेटल क्राफ्ट, पत्थर की मूर्तिया, ट्राइबल जेवेलेरी टेक्सटाइल कसीदा कारी साड़िया सलवार सूट तथा कुर्ता पैजमा विभिन्न प्रकार के सजावट के सामान, ड्राइ फ्लावर पेंटिंग इत्यादि के लगभग 125 स्टॉल लगाई जा रही ताकि स्थानीये शिल्पियों को अपना उत्पाद विक्रय करने का अवसर प्राप्त हो सकें।

समारोह में विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, के सहायक निदेशक पुष्प राजन सीटीओ भवानी प्रसाद तथा एचपीओ वीर भारत मराण्डी संस्था के सचिव बी चौधरी, सीईओ अरिंदम चौधरी तथा मुख्य लेखापाल अब्दुल मसिर अंसारी मेला में उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में सफल कैंपस प्लेसमेंट को लेकर कार्यशाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उन्नति ग्लोबल कनेक्ट प्राइवेट लिमिटेड (यूजीसीपीएल) और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के स्नातक / स्नातकोत्तर छात्रों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ केपी दत्ता (पीएचडी, एनआईटी दुगार्पुर), यूजीसीपीएल के संस्थापक और अंकित कुमार (एमबीए, एक्सआईएसएस), यूजीसीपीएल के सह-संस्थापक और सीईओ ने प्रतिभागियों को अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत और विषय प्रवेश डीएसडब्ल्यू डॉ एसएम अब्बास ने किया। उन्होंने इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके कैरियर विकल्पों और रोजगार की तैयारी के जानकारी प्रदान करना था। इस एक दिवसीय कार्यशाला में निम्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। परिचय प्रस्तुति, सफल कैंपस प्लेसमेंट के लिए विश्वास प्रणाली विकसित को करना, रोजगार की तैयारी से संबंधित विभिन्न उपकरण और विभिन्न तकनीकें, प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट अवसरों की जानकारी। यह कार्यशाला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस मौके पर अपने प्रेषित संदेश में कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला में इतनी अधिक संख्या में भाग लेने से प्रतिभागियों को रोजगार और प्लेसमेंट के संबंध में एक नई और व्यापक समझ प्राप्त हुई है, जो उन्हें रोजगार प्राप्ति में सहायक साबित होगी।

## टीआरएल संकाय में पूर्ववती छात्र सम्मेलन की सफलता पर समीक्षा बैठक

**रांची।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में शनिवार को पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन की सफलता पर संकाय के समन्वयक डॉ हरि उराँव एवं आयोजन समिति के सदस्यों को बधाईयाँ दी गई साथ टीआरएल संकाय के समन्वयक डॉ हरि उराँव की 65 वें जन्मदिन के मौके पर केक काटकर व बुके देकर सम्मनित किया गया। इस अवसर पर संकाय के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से कहा कि टीआरएल संकाय के स्थापना के 43 वर्ष में पहली बार पूर्ववर्ती छात्रों का सफल सम्मेलन का आयोजन होना, अपने आप में एक इतिहास है। लगभग चार सौ पूर्ववर्ती छात्रों का एक साथ महाजुटान होना, तथा इस कार्यक्रम की मानिटरिंग करना काबिले तारीफ की बात है। शिक्षकों ने कहा कि समन्वयक डॉ हरि उराँव ने अपने बेहतरीन सूझबूझ व कोडिनेशन से यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति हो तो कोई भी काम असंभव नहीं। उन्होंने कहा कि डॉ उराँव के जैसा शांत स्वभाव, जात पात व धर्म से उपर उठकर सबों एक साथ एक मंच पर लेकर चलने वाले शालिन व्यक्तित्व के धनी विद्वान शिक्षक हैं।

## झारखंड होम एक्सपो में रांची स्मार्ट सिटी का स्टॉल बना आकर्षण का केंद्र

### एक्सपो के पहले दिन ही बड़ी संख्या में लोगों ने स्टॉल का किया विजिट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्थानीय होटल बीएनआर चाणक्य में आयोजित दो दिवसीय झारखंड होम एक्सपो में रांची स्मार्ट सिटी कॉर्पोरेशन की ओर से भी स्टॉल लगाया गया है। इस स्टाल में 3 मॉडल के साथ-साथ स्मार्ट सिटी द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का प्रदर्शन फ्लेक्स के माध्यम से किया जा रहा है। रांची स्मार्ट सिटी की ओर से मुख्य रूप से क्षेत्र आधारित विकास के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी निर्माण क्षेत्र से जुड़े निवेशकों को दिया जा रहा है। एक्सपो के पहले दिन बड़ी संख्या में राजधानी



के लोगों ने रांची स्मार्ट सिटी के स्टॉल का भ्रमण किया और अपने सवालों से संबंधित जानकारी प्राप्त की। एबीडी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्य के साथ-साथ स्मार्ट सिटी की ओर से कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर के उपयोग और इसके तहत राजधानी में सर्विलांस और यातायात प्रबंधन में मिल रही मदद की जानकारी भी फ्लेक्स के माध्यम से स्टॉल में उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही 656 एकड़ जमीन में विकसित हो रही रांची स्मार्ट सिटी के लिए जरूरी आधारभूत संरचना जिसका निर्माण संपन्न हो चुका है की भी जानकारी एक्सपो में पहुंचने वाले लोगों को दी जा रही है। इसके साथ-साथ स्मार्ट सिटी में भविष्य में रहने वाली आबादी को देखते हुए बिजली आपूर्ति ,जलापूर्ति इत्यादि के लिए स्थापित परियोजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया जा रहा है। एक्सपो के पहले दिन विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली कई कंपनियों के प्रतिनिधियों ने स्मार्ट सिटी में जमीन की नीलामी प्रक्रिया की जानकारी ली और अलग-अलग क्षेत्र में निवेश की इच्छा जताई। स्मार्ट सिटी की ओर से उन्हें पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी गई। स्टॉल में पहुंचने वाले लोगों को राजधानी रांची में नन मोटराइज्ड ट्रांसपोर्ट को प्रोत्साहित करने के लिए चल रही पब्लिक बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम से भी अवगत कराया जा रहा है। हालांकि इस स्टॉल पर पहुंचने वाले अधिकांश लोग रांची स्मार्ट सिटी के क्षेत्र में अपने आशियाना की संभावना तलाश रहे। जो लोग वहां घर लेने की इच्छा रख रहे हैं उन्हें भी बताया गया है कि बहुत जल्द कई डेवलपर्स निर्माण कार्य शुरू करेंगे उसके बाद घर खरीदने का सपना भी जल्द साकार होगा।

## खबर एक नजर में

### सेंट जेवियर्स कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग में व्याख्यान का आयोजन




**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के जंतु विभाग में शनिवार को इमर्जिंग ट्रेंड्स इन साइंटिफिक रिसर्च पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वर्जीनिया टेक्निकल यूनिवर्सिटी के निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर सुनील कुमार सिन्हा ने अपने शोध कार्य एवं विचारों को विद्यार्थियों से साँझा किया। उन्होंने भूमिगत जल और उसके संरक्षण की उपयोगिता को डेटा साइंस और आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के परस्पर उपयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला और आने वाली पीढ़ियो को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया. अपने व्याख्यान में उन्होंगे विद्यार्थियों की जिज्ञासा को और प्रश्नों को गंभीरता पूर्वक सुना और सुलझाया। फादर डॉक्टर नाबोर लकड़ा, प्रिंसिपल, सैंट जेवियर्स कॉलेज, डॉ भारती रायपत विभागाध्यक्ष, जंतु विज्ञान विभाग,सेंट जेवियर्स कॉलेज और , रेक्टर डॉ अलेक्स एक्का, प्रोफेसर डॉ. शिव कुमार , डॉ. रितेश शुक्ला, डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, डॉ मनोज , डॉ पीपस, प्रो रितेश सिंह , प्रो कमलदीप, प्रो अजय, प्रो सेन प्रो संयुक्ता कुमार प्रो मौली और 400 छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### सीएमपीडीआइ और कोशिश के बीच करार




**रांची।** सीएमपीडीआइ (मुख्यालय),रांची के निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत मानसिक रूप से दिव्यांग छात्रों को यातायात के लिए एक हल्के वाहन उपलब्ध कराने हेतु कोशिश एनजीओ, रांची के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। सीएमपीडीआई के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आरके महापात्रा तथा कोशिश एनजीओ,रांची की सचिव दीपा चौधरी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया।इस परियोजना के तहत सीएमपीडीआई द्वारा कोशिश एनजीओ,रांची को एक 9 सीटर वाहन प्रदान किया जाएगा। इससे कोशिश के लगभग 40 बौद्धिक रूप से अक्षम बच्चे परिवहन एवं नियमित आवाजाही का लाभ उठा सकेंगे। सीएमपीडीआई ने इस परियोजना के निमित्त सीएसआर के तहत 7.38 लाख रुपए का निधि स्वीकृत किया है। इस परियोजना का उद्देश्य बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों यथा सेरेब्रल पल्सी,आटिज्म एवं बहु-दिव्यांगता से प्रभावित बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर सीएमपीडीआई की सीएसआर टीम और कोशिश एनजीओ,रांची की टीम मौजूद रहीं।

### यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के पूर्व सचिव का निधन



**रांची।** यूनियन क्लब एंड लाइब्रेरी के पूर्व सचिव रहें श्यामा प्रसाद मुखर्जी का निधन शनिवार को हो गया। अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम संस्कार रविवार को मुक्तिधाम में किया जायेगा । क्लब के सभी सदस्य शौक व्यक्त किए हैं।

### श्री श्याम मंदिर में भंडारा का आयोजन




**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 102 वा श्री श्याम भंडारा भक्तिमय रंग में सम्पन्न हुआ। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी के लोकप्रिय भजन का गायन करके यजमान श्री सरावगी परिवार ने खाटूनरेश की मनोहर भोग अर्पित किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया,, श्याम सुंदर शर्मा, गीता देवी सरावगी अनिल नारनौली पूर्व सांसद अजय मारू संतोष सरावगी राजीव मित्तल सुनील सरावगी वेद भूषण जैन पप्पू अभिषेक सरावगी कौशल चौधरी रतन शर्मा अनुज मोदी स्नेहा पोद्दार अमित सरावगी कमलेश सावा स्वाती सरावगी ,,सरिता अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### श्याम निशान अमृत महोत्सव की हुई शुरूआत, निकाली गयी शोभा यात्रा



**रांची।** श्याम परिवार द्वारा आयोजित श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव की शुरूआत शनिवार को शोभा यात्रा के साथ हुई। दोपहर 2:00 विधिवत पूजा अर्चना के साथ श्री श्याम निशान शोभा यात्रा की शुरूआत की गई, जिसमें 301 निशान धारकों ने प्रभु श्री श्याम एवं हनुमान जी का निशान धारण किया शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित रथ पर विराजमान प्रभु श्री श्याम की झांकी श्री राधा कृष्ण जी श्री राम लखन जानकी साथ ही श्री हनुमान जी जीवंत झांकी, प्रभु श्री श्याम के प्रिया प्रभु श्री श्याम के लाडले झारखंड लोक प्रसिद्ध डाक पार्टी 51 में अध्यक्ष श्री श्रवण जालान के नेतृत्व में समस्त श्याम परिवार निशान पूजन एवं सभी देवी देवताओं पूजन किया। जिसमें श्री श्याम परिवार के संयोजक कमल जलन बनकट, विनय भाटिया , महेश सेन, अमित चौधरी सहित अन्य लोग शामिल थे।

### रांची की छह बॉक्सर स्टेट ट्रायल में लेंगी भाग

**रांची।** रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन की ओर रांची से छह सब जूनियर बालिकाओं का चयन 6-7 मार्च को जमशेदपुर के जेआर डी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित राज्यस्तरीय चयन शिविर में भाग लेने के लिए किया गया है। वहां चयनित खिलाड़ियों को ग्रेटर नोएडा में आयोजित सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रांची जिला से 33-35 किग्रा में रिद्धिमा उरांव, 37-40 किग्रा में कुसुम कुमारी, 40-43 किग्रा में निशा बेग, 43-46 किग्रा में शिवानी बाखला, 46-49 किग्रा में छोटी कशिस और 67 किग्रा से अधिक कैटेगरी में मुस्कान सिंह का चयन हुआ है। चयन शिविर में जेएसएसपीएस कोच बीबी मोहंती, रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव मुकुल टोप्पो, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद, कमल किशोर कच्छप, सिन्टु कुमार, प्रमोद कुमार व नौसाद खान उपस्थित थे।

# चुनाव आयोग का निर्देश : गृह जिला और लोस क्षेत्र में जमे अधिकारी हटेंगे

**पूरे देश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में राजनीति पार्टियां जुटीं**

**झारखंड में कार्मिक और विभागीय अधिकारी तैयार कर रहे सूची, जल्द बदले जायेंगे अधिकारी**

सुधीर

**रांची।** झारखंड ही नहीं, पूरे देश में लोकसभा चुनाव की तैयारी में राजनीति पार्टियां जुट गयी हैं। लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा 10 मार्च के बाद कभी भी हो सकती है। राज्यों में प्रशासनिक अधिकारी भी चुनाव की तैयारी में जुट गये हैं। हालांकि जिन अधिकारियों पर चुनाव कार्यों को संपन्न कराने की जिम्मेवारी है, उसमें से कई का तबादला चुनाव आयोग के नये निर्देश पर फिर से किया जाना है। इसकी तैयारी भी संबंधित विभाग और कार्मिक के स्तर पर की जा रही है। आयोग के नये पत्र के अनुसार सर्किल अफसर रैंक के पुलिस अधिकारी एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, आरओ, एआरओ, एडीजी, आईजी, डीआइजी, एसपी, एएसपी, डीएसपी रैंक के पदाधिकारी को एक ही संसदीय क्षेत्र में तबादला नहीं किया जाना है। साथ ही वैसे पदस्थापित पदाधिकारी, जिसके लोकसभा क्षेत्र में गृह जिला शामिल है। उनका पदस्थापन भी दूसरे जिले में करना है।

### गृह जिले में पदस्थापित अधिकारी को हटना ही होगा

अगर किसी अधिकारी का गृह जिला चतरा है और उनका पदस्थापन हजारीबाग लोकसभा में है। चूंकि हजारीबाग जिला का कुछ बूथ चतरा लोकसभा में भी आता है। ऐसी स्थिति में उस अधिकारी का पदस्थापन लातेहार, हजारीबाग, रामगढ़ में नहीं किया जा सकता है। चूंकि लातेहार जिला चतरा लोकसभा में पड़ता है, वहीं हजारीबाग लोकसभा में रामगढ़, हजारीबाग और चतरा जिला का कुछ हिस्सा आता है। ऐसे में चतरा गृह जिला वाले अधिकारी का पदस्थापन लातेहार, हजारीबाग रामगढ़ में नये निर्देश के अनुसार नहीं किया जा सकता है।

### 10 मार्च से पहले हो सकता आम चुनाव की घोषणा

जानकारों का कहना है कि 10 मार्च से 15 मार्च के बीच कभी भी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा हो सकती है। क्योंकि 2019 में चुनाव की घोषणा 10 मार्च को हुई थी। तब देशभर में 11 अप्रैल से 19 मई के बीच 7 चरणों में चुनाव हुए थे। इस बार होली 25 मार्च को है। ऐसे में त्योहार, स्कूल-कॉलेज के बच्चों की परीक्षाएं, किसानों की स्थिति, अफसरों के तबादले, सरकारी अवकाश को देखते हुए चुनाव का ऐलान संभव है। इन सभी गतिविधियों को ध्यान में रखकर मार्च के पहले 10 दिनों में चुनाव आयोग तारीखों की घोषणा कर सकता है।

> सरकार को नये निर्देश भेज दिया गया है। जिन अधिकारियों का गृह जिला लोकसभा क्षेत्र में आता है, वहां से दूसरे स्थानों पर अधिकारियों का पदस्थापन किया जाना है। नये निर्देश के अनुसार ऐसे अधिकारियों को चुनाव से पहले हटा देना है।
>
> **के रवि कुमार, मुख्य निर्वाची पदाधिकारी, झारखंड।**

**मोहराबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का शुभारंभ**

## नये उत्पादों को देखने और समझने का एक माध्यम है ट्रेड फेयर : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मोहराबादी मैदान में इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर का उद्घाटन शनिवार को लोकसभा सांसद संजय सेठ और राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने किया। मौके पर श्री सेठ ने कहा कि रांची में ट्रेड फेयर होने से कारोबार बढ़ता है। ट्रेड फेयर कई नए उत्पादों को देखने और समझने का एक माध्यम है। श्री सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि झारखंड और बंगाल में सबसे अधिक मेला लगता है। मेला के लगने से राज्य का आर्थिक विकास होता है। सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि ट्रेड फेयर में बाहर के देशों के उत्पाद देखने को मिल रहा है। रांचीवासी अब विदेशी वस्तुएं भी खरीद सकते हैं। जीएस मार्केटिंग एसोसियेट्स के चिद्रुप शाह ने बताया कि यह ट्रेड फेयर बीटूसी और बीटूबी के लिए बेहतर मंच है। झारखण्ड चैंबर, बंगाल चैंबर और जीएस मार्केटिंग के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दस वर्षों से लगाये जा रहे ट्रेड फेयर को रांचीवासियों ने खूब सराहा है। टर्की के लैंप, थाईलैंड के एक्सेसरीज, बांग्लादेश की साड़ी, ईरान की हनी और सैफ्रौन समेत अन्य वस्तुएं इस ट्रेड फेयर के मुख्य आकर्षण हैं। ट्रेड फेयर में झारखण्ड सरकार के उद्योग, श्रम और टूरिज्म विभाग द्वारा स्टॉल्स में भी लगाया गया है।

इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि हमारे द्वारा किया जा रहा यह प्रयास केवल ट्रेड फेयर नहीं वरन राज्य के विकास में गति देने का प्रयास है। अंतर्राष्ट्रीय देश के स्टॉलधारकों के आने से स्थानीय व्यापारियों-उद्यमियों के विचारों का आदान-प्रदान संभव होगा और इससे व्यापार-उद्योग की संभावनाएं बनेंगी। ट्रेड फेयर में आगंतुकों के मनोरंजन के लिए ऑर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था है।



**फेयर में लगे है 375 स्टॉल्स :** यह ट्रेड फेयर 11 मार्च तक चलेगा। आगंतुकों के लिए सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक फेयर खुला रहेगा। फेयर में थाईलैंड, ईरान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, टर्की, घाना, मलेशिया समेत अन्य कुल 12 देश और 20 राज्यों के 375 स्टॉल्स लगाये जा रहे हैं। इस अवसर पर चैंबर के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, महासचिव परेश गप्तानी, संयुक्त सचिव अमित शर्मा, शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, संजय अखौरी, पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया, विकास सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

**बजट सत्र के अंतिम दिन केंद्र पर बरसे सीएम, कहा सभी सीटें जीतेंगे**

## दुमका कांड के दोषियों को नहीं छोड़ेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र समाप्त हो गया। सत्र के अंतिम दिन सदन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन केंद्र पर जम कर बरसे। उन्होंने कहा कि दुमका में विदेशी महिला के साथ हुए गैंगरेप मामले में दोषियों को बख्सा नहीं जायेगा। विधानसभा परिसर में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए सीएम ने कहा कि इस मामले में दो व्यक्तियों को हिरासत में भी लिया गया है और जल्द ही अन्य आरोपी पकड़े जायेंगे। एसआईटी जांच पर पूछे गए सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दुमका से रिपोर्ट मिलने के बाद सरकार निर्णय लेंगे। करीब 28 मिनट के संबोधन में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार के द्वारा लाये गये वन अधिकार संशोधन बिल 2023 को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि आदिवासी मूलवासी की जमीन बचाने के लिए गठबंधन सरकार को कदम उठाना होगा।

**सभी 14 सीट जीतेंगे:** मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रत्याशी के नाम की घोषणा किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। सीएम ने कहा कि महागठबंधन जल्द ही सीटों को अंतिम रूप देते हुए प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी। झारखंड की सभी 14 सीटों को जीतने का काम महागठबंधन करेगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा हर समय सुनियोजित तरीके से हमारी सरकार के कामकाज को रोकने का काम किया है। यह सरकार नियोजन करने को लेकर गंभीर है मगर जिस तरह से भाजपा के द्वारा अड़ंगा लगाई जाती रही है, उससे कामकाज बाधित होते रहे हैं। ओबीसी आरक्षण का मामला हो या सरना धर्म कोड हेमंत सोरेन ने कई ऐसे कार्य किये जो यहां के मूलवासी आदिवासी के हित में था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के द्वारा अड़ंगा लगाए जाने की वजह से बहुत सारे काम रुकी हुई है।

**साजिश के तहत हेमंत को जेल भेजा**

सीएम ने कहा कि साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल में रखा गया है मगर हम इसे घबराने वाले नहीं हैं। जनता के बीच जाकर इनकी एक-एक चीज को उजागर करने का काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने सीजीएल पेपर लीक मामले की एसआईटी जांच ठीक ढंग से होने की बात करते हुए कहा कि अब तक सात लोग पकड़े जा चुके हैं और सही दिशा में या जांच चल रही है जल्द ही रद्द हुई परीक्षा को लिया जायेगा।



### कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई : स्पीकर

23 फरवरी से 2 मार्च तक चले इस सत्र में पांच महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गये। इस बाबत स्पीकर ने सदस्यों के व्यवहार पर खुशी जतायी। उन्होंने कहा कि सत्र में जहां सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए बजट पेश किया गया, वहीं सरकार ने राज्य की आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराया। लोकसभा चुनाव के वजह से महज 7 दिनों के इस छोटे से कार्य दिवस में कई ऐसे महत्वपूर्ण विषय सदन में आये जिस पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के द्वारा शांतिपूर्ण माहौल में चर्चा की जाती रही। हालांकि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग सीजीएल परीक्षा पेपर लीक की की जांच सीबीआई से कराने की मांग को लेकर विपक्ष पहले दिन से ही सरकार पर दबाव बनाती दिखी। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने पंचम विधानसभा के अंतिम बजट सत्र को सफल बताते हुए कहा कि महागठबंधन की सरकार ने जो जनता से वादा करके आयी थी उसे लगातार पूरा करने का काम किया है। बहरहाल लोकसभा चुनाव के गहमागहमी के बीच झारखंड विधानसभा का बजट सत्र भलें ही संक्षिप्त रहा मगर सरकार अपने मकसद को पूरा करने में सफल जरूर रही है।

## 28.94 लाख की ठगी करनेवाले दो साइबर अपराधी गिरफ्तार

**फर्जी बैंक खातों में पीड़ितों से टेलीग्राम के माध्यम से डलवाते थे रुपये**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीआइडी की रांची साइबर क्राइम थाना पुलिस ने लिंक शेयर करने का टास्क देकर ठगी करने वाले दो साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बिहार के नालंदा जिले के बिहारशरीफ नीमगंज निवासी कुमुद रंजन और हजारीबाग जिले के ओकनी निवासी एजाज अनवर के नाम शामिल है। आरोपियों के पास से तीन मोबाइल, तीन सिम, एक लैपटॉप, दो आधार कार्ड, तीन एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड और दो डेबिट कार्ड पुलिस ने बरामद किये हैं। शातिर ठग टेलीग्राम के जरिए लोगों से संपर्क करते थे। इसके बाद लिंक शेयर कर ज्यादा लाइक और शेयर करने का टास्क देते थे। बदले में कुछ कमाई भी करवाते थे और बैंक खातों में ट्रांसफर भी करते थे। भरोसा जीतने के बाद आपसे निवेश करा कर कुछ टास्क दिया जाता है। आपकी रकम भी बढ़ती हुई दिखायेंगे और बाद में झांसे में लाकर आपके खाते से सारी रकम उड़ा दी जाती है। गिरफ्तार आरोपी ने टेलीग्राम के माध्यम से संपर्क किया। उक्त टेलीग्राम प्रोफाईल के माध्यम से दिये गये टास्क को पूरा करने पर शुरू में उनके खाते में कुछ रुपये क्रेडिट हुए इसके बाद उन्हें भुगतान द्वारा प्राप्त रुपयों को आइसीआइसीआइ बैंक के द्वारा निवेश करने पर बोनस प्राप्त होने का लालच देकर विभिन्न अकाउन्ट में डिपोजिट कराया गया। मूवीज रेटिंग के टास्क को करने के लिए उनसे अलग-अलग बैंक खाताओं में रुपये डिपोजिट कराये जाते थे।

## आदिवासी मूलवासी संगठनों ने डमी इवीएम का पुतला फूंका



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आदिवासी मूलवासी संगठनों ने डमी ईवीएम का पुतला दहन शनिवार को किया। जयपाल सिंह स्टेडियम से सैकड़ों आदिवासी मूलवासियों ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को तेज करते हुए। ईवीएम का पुतला दहन किया गया। साथ ही चुनाव आयोग और केन्द्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर ईवीएम वोटिंग का विरोध किया। उन्होंने ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। प्रेमशाही मुण्डा ने कहा कि अन्य देशों में ईवीएम से चुनाव नहीं कराया जा रहा है तो भारत में क्यों ईवीएम से चुनाव कराया जा रहा है। भारत में चुनाव कराने के लिए ईवीएम मशीन को हटाकर बैलेट पेपर से ही चुनाव कराया जाए। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। मौके पर प्रकाश हंस, कैलास उराँव, मुन्ना उराँव, निरजना हेरंज टोप्पो, राहुल तिर्की, संदीप तिर्की, विजय बड़ाईक, रंजू, शिवा कच्छप, परमेश्वर, सलीना लकड़ा, रमेश चंद उरांव लाला महली, दिनेश कच्छप आदि लोगों ने शामिल हो ईवीएम का विरोध जताया।

## होली 25 मार्च को, ट्रेनों में शुरू हो गयी वेटिंग

**रांची।** इस बार होली 25 मार्च को है। त्योहार को देखते हुए रेलवे की बुकिंग भी तेजी से की जा रही है। यात्री अलग-अलग जगह जाने के लिए टिकटों की बुकिंग कर रहे हैं। रांची से अलग-अलग ट्रेनों की बुकिंग तेजी से की जा रही है। वहीं रांची से दिल्ली, लखनऊ समेत अन्य राज्यों के लिये कुछ ट्रेनों की लंबी वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है। जिसमें कुछ ट्रेनों में 20 मार्च से ही इन ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट देखी जा रही है, जबकि होली के बाद वापसी के लिए भी ट्रेनों की लंबी वेटिंग देखी जा रही है। इस दौरान दिल्ली से रांची जाने वाली सभी ट्रेनों इसमें नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस, नयी दिल्ली गरीब रथ, आनंदविहार एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों में सीटों की उपलब्धता 35 से 149 तक है। जबकि 27 मार्च से रांची से दिल्ली जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस में 40 वेटिंग लिस्ट है। बता दें ये जानकारी खबर लिखे जाने तक वेबसाइट में दी गयी जानकारी के आधार पर है।

जम्मूतवी संबलपुर एक्सप्रेस स्लीपर कोच में 129 वेटिंग चल रही है। इसी ट्रेन के 3 टियर में 52 और 2 टियर में 16 वेटिंग चल रही है। बाकी दो ट्रेनों की भी हालत कुछ ऐसी ही है।

**खबर एक नजर में**

### मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को शिव बारात में शामिल होने का दिया न्योता



**रांची।** पहाड़ी मंदिर शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने सीएम को 8 मार्च को महाशिवरात्रि पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले शिव बारात में सम्मिलित होने के लिये आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल से शिव बारात के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। मौके पर शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति के नंद किशोर सिंह चंदेल, गुलशन मिड्ढा समेत कई सदस्य मौजूद थे।

### झारखंड ऊर्जा विकास निगम ने 80 अनुबंध कर्मचारियों को किया स्थायी

**रांची।** ऊर्जा विकास निगम ने 80 अनुबंध कर्मियों को स्थायी किया है। झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की ओर से लंबे समय से अनुबंध कर्मचारियों के स्थायी करण की मांग की जा रही थी। यूनियन के अध्यक्ष आशीष कुमार ने निगम प्रबंधक एवं झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड सरकार हमेशा कर्मचारियों के हित में खड़ी रही है। महामंत्री वरूण सिंह ने कहा कि यह मजदूरों के लगातार संघर्ष की जीत है।

### छठा स्थापना दिवस समारोह आज

**रांची।** एसएफसी मोटिया मजदूर संघ की छठा स्थापना दिवस एवं जनता दल यूनाइटेड मिलन समारोह का आयोजन सोमवार को स्वागतम मैरिज हॉल सहजानंद चौक, हरमू में होगा। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद खीरू महतो उपस्थित रहेंगे।

### ओबीसी का आरक्षण बढ़ाये जाने की प्रक्रिया में राज्यपाल क्यों आ रहे हैं आड़े : राजेश गुप्ता

**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि ओबीसी समुदाय का आरक्षण जब राज्य सरकार बढ़ा रही है, तो राज्यपाल आड़े आ जा रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से देश और राज्यों में ओबीसी को जनसंख्या अनुपात में 52 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि झारखंड स्तर पर जनसंख्या अनुपात में अनुसूचित जाति 10 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 26 प्रतिशत, ईडब्ल्यूएस अर्थात अगड़ी जाति 10 प्रतिशत, ओबीसी की आबादी राज्य में 55 प्रतिशत और आरक्षण 14 प्रतिशत है। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा, संतोष गुप्ता, विष्णु कुमार, संजय वर्मा, डॉ भगत शुभम विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### फिर बदल रहा मौसम का मिजाज, बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना

**रांची।** झारखंड में रविवार से मौसम का मिजाज बदलने वाला है। आज और कल कई जगहों पर बारिश के साथ वज्रपात-ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विभाग की मानें तो रविवार को राज्य के पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं के साथ वज्रपात होगा। वहीं गढ़वा, पलामू और लातेहार में कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी हो सकती है। कल राज्य के पश्चिमी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवाओं (अधिकतम गति 30-40 किमी प्रतिघंटा) के साथ वज्रपात की संभावना है।

**अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में होगी वृद्धि :** मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री से. की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान भी 4 डिग्री से. तक बढ़ सकती है। इस दौरान राजधानी में आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं मेघ गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

**दो दिवसीय चुनाव का पर्व-कला महोत्सव का समापन**

## मतदान प्रक्रिया का प्रचार-प्रसार करें : उपायुक्त

**विभिन्न प्रतिस्पर्द्धाओं के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आड्रे हाउस में आयोजित चुनाव का पर्व कला-महोत्सव शनिवार को संपन्न हो गया। दो दिनों तक मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरुक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा समापन समारोह में पेंटिंग, रंगोली, क्विज, संगीत, नाटक आदि प्रतिस्पर्द्धा में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत गया।

**मतदान प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी हो :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने कहा कि हमारे समय में कोई बताने वाला नहीं था कि कैसे वोटर लिस्ट में नाम जोड़ना है? कैसे वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करना है? लेकिन आप सभी उस समय में जी रहे रहे हैं, जब भारत निवार्चन आयोग द्वारा हर व्यक्ति को चुनाव के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है, ताकि मतदान की प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि आनेवाले दिनों में मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा और भी प्रयास किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे शहर, गली मोहल्ले में यह प्रचार प्रसार करें कि हमें मतदान की प्रक्रिया से दूर नहीं जाना है।

बताते चलें कि दो दिवसीय चुनाव का पर्व कला महोत्सव के दौरान युवाओं को वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से वोटर लिस्ट में नाम जांचने की जानकारी के साथ नैतिक मतदान के प्रति जागरूक एवं शिक्षित भी किया गया। इस दौरान अधिकारियों एवं युवाओं ने हस्ताक्षर अभियान में भी भाग लिया। समापन समारोह में अलग-अलग स्कूल कॉलेजों के छात्रों के साथ-साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, डीईओ विवेक कुमार सुमन, डीपीआरओ उर्वशी पाण्डेय, स्वीप कोषांग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।





### 18 वर्ष पूरा होते ही मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत हो जायें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव का पर्व कला महोत्सव में मतदान के प्रति युवा वर्ग को जागरुक एवं शिक्षित करने के लिए महोत्सव में विभिन्न प्रकार की प्रतिस्पर्द्धा का आयोजन किया गया एवं निर्वाचन संबंधित विभिन्न जानकारियां साझा की गयी। मॉक पोल द्वारा भी युवा वोटरों को मतदान प्रक्रिया के बारे में बताया गया ताकि वैसे युवा जो अठारह वर्ष से कम आयु के हैं, 18 वर्ष होते ही मतदान के प्रति अपनी जिम्मेदारी से अवगत हो जायें, वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा लें और आसपास के लोगों को भी जागरुक करें।

**इन्हें किया गया पुरस्कृत**

कविता प्रतियोगिता (प्रथम दिन): प्रथम - आर्या कुमारी, द्वितीय - ऋतु भारती, तृतीय - गोली कुमारी।

कविता प्रतियोगिता (दूसरा दिन) : प्रथम - वैशाली कुमारी, द्वितीय - रोहित कुमार, मीनाक्षी कुमारी, अंजलि कुमारी, तृतीय - रचना कुमारी, कंचन कुमारी।

क्विज (प्रथम दिन) : प्रथम - महिला कॉलेज, द्वितीय - जेवियर्स कॉलेज तृतीय - झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी।

क्विज (दूसरा दिन): प्रथम - निर्मला कॉलेज, द्वितीय - गोस्सनर कॉलेज, तृतीय - झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी।

एक्सटेम्पोरे (प्रथम दिन) : प्रथम - यश कुमार, द्वितीय - अनुष्का कुमारी और तृतीय - कशिश कुमार।

एक्सटेम्पोरे (द्वितीय दिन) : प्रथम - अदिति गढ़वाल सिंह, द्वितीय - कोमल कुमारी और तृतीय - कुमारी अंजलि।

भाषण प्रतियोगिता : प्रथम- पूजा कुमारी, द्वितीय - श्रवण कुमार और तृतीय - आशीष कुमार।

गायन प्रतियोगिता : कृति कुमारी

रंगोली प्रतियोगिता : प्रथम- झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी (ग्रुप-24), द्वितीय - केजीबीवी सोनाहातू (ग्रुप-26) और तृतीय - झारखण्ड रक्षा शक्ति यूनिवर्सिटी (ग्रुप-27)।

### जेएसएससी-पीजीटी परीक्षा 2023 का रिजल्ट जारी, सीएम ने दी बधाई

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग ने स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 के परिणाम जारी कर दिये हैं। आयोग ने रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के पदों पर मेधा सह विकल्प के आधार पर अनुक्रमांकवार रिजल्ट जारी किया है। आयोग शेष विषयों के परीक्षा परिणाम भी जल्द जारी करेगा। छात्र परीक्षा के परिणाम खररउ की अधिकारिक बेवसाइट पर चेक कर सकते हैं। बता दें कि जेएसएससी ने 18 अगस्त 2023 से 10 सितंबर 2023 तक स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता-2023 आयोजित की थी।

**सीएम ने उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को दी बधाई :** झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन से सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। चंपाई सोरेन ने एक्स हैंडल पर लिखा कि अपनी लगन व मेहनत से स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 (जेएसएससी-पीजीटी) में उत्तीर्ण हुए सभी अभ्यर्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं। झारखंड की अगली पीढ़ी को शिक्षित बनाने में आप लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। आइये, साथ मिलकर बेहतर झारखंड बनाते हैं।

